**Need to establish an Intra Circle Hub (ICH) Centre at Narkatiaganj in West Champaran district, Bihar-Laid**

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) :**पश्चिमी चंपारण, बिहार के 51 लाख निवासियों को स्पीड पोस्ट सेवा में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । 5228 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले इस जिले में केवल नरकटियागंज में एक आरएमएस कार्यालय है, जो स्पीड पोस्ट पत्रों की छंटाई नहीं करता । इसके लिए निकटतम आईसीएच मोतिहारी में 87 किमी दूर है, जिससे डिलीवरी में 50-60 घंटे की देरी होती है । इस देरी के कारण स्पीड पोस्ट सेवा अप्रभावी हो गई है । हाल ही में डाक विभाग, नई दिल्ली ने रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट को एक ही हब से निष्पादित करने का आदेश दिया है, जिससे समस्या और बढ़ेगी । इसलिए, मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि पश्चिमी चंपारण की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए नरकटियागंज में एक आईसीएच केंद्र स्थापित किया जाए ताकि डाक सेवाओं की समय पर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके ।